Yug Karvat

Date: 09/12/2021

डीएम आरके सिंह ने किया आईटीएस कॉलेज में स्पेशलिटी डेंटल क्लीनिक का उद्घाटन

युग करवट संवाददाता

मुरादनगर। आईटीएस डेंटल कॉलेज में स्पेशलिटी डेंटल क्लीनिक की शुरुआत की गई जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने फीता काट किया। उक्त स्पेशलिटी क्लीनिक में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा एक ही स्थान पर विभिन्न उपचार की सुविधा प्रदान की जायेगी जिससे मरीजों को प्राथमिकता पर जल्दी और बेहतर उपचार मिलेगा।

अत्याधुनिक उपकरण और अंतर्राष्ट्रीय मैटेरियल्स से लैस यह क्लीनिक मरीजों को विश्वस्तरीय दंत चिकित्सा उपचार प्रदान करने में सक्षम होगा। राकेश कुमार सिंह ने भी इस क्लीनिक की सुविधाओं एवं उन्नत उपचार प्रणालियों को देखते हुए आईटीएस डेंटल कॉलेज के प्रयासों की प्रशंसा की। उद्घाटन के अवसर पर आईटीएस द एजुकेशन के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा, वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, सेक्रेट्री भूषण कुमार अरोड़ा, डायरेक्टर पीआर सुरेन्द्र सूद, संस्थान के डायरेक्टर पीजी कोर्सेज डॉ. श्रीनाथ ठाकुर, प्रधानाचार्य डॉ. देवी चरण शेट्टी सहित अन्य दंत विभागों के एचओडी उपस्थित रहे।

Vartman Satta

Date: 09/12/2021

गाजियाबाद आसपास

आई.टी.एस. डेंटल कॉलेज में किया स्पेशलिटी डेंटल क्लीनिक का उद्घाटन

वर्तमान सत्ता

मुरादनगर, एमए मलिक। आई0टी0एस0 डेंटल कॉलेज, मुरादनगर में कल स्पेशलिटी डेंटल क्लीनिक की शुरुआत की गयी। इस क्लीनिक के द्वारा मरीजों को न्यूनतम प्रतीक्षा समय के साथ विश्वस्तरीय दंत चिकित्सा उपचार प्रदान किया जायेगा। इस क्लीनिक का उद्घाटन गाजियाबाद जिले के माननीय डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट, श्री राकेश कुमार सिंह जी के कर कमलों द्वारा किया गया।

स्पेशलिटी क्लीनिक में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा एक ही जगह पर विभिन्न उपचार की सुविधा प्रदान की जायेगी। जिसके द्वारा मरीजों को प्राथमिकता पर जल्दी और बेहतर उपचार मिलेगा। यह क्लीनिक अत्याधुनिक उपकरण और अंतर्राष्ट्रीय मैटेरियल्स के प्रयोग से मरीजों को विष्वस्तीय दंत चिकित्सा उपचार प्रदान करने में सक्षम होगा। माननीय डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट, श्री राकेश कुमार सिंह ने इस क्लीनिक की सुविधाओं एवं उन्नत उपचार प्रणालियों को देखते हुए आई0टी0एस0 डेंटल कॉलेज के प्रयासों की प्रशंसा की। यह स्पेशलिटी डेंटल क्लीनिक इस क्षेत्र में अपनी तरह का पहला क्लीनिक है जो रोगियों को उच्च कोटि दंत चिकित्सा उपचार प्रदान करेगा। इस क्लीनिक के उद्घाटन के दौरान आई0टी0एस0–द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ0 आर0पी0 चड्ढा, वाईस चेयरमैन, श्री अर्पित चड्ढा, सेक्रेट्री, श्री भूषण कुमार अरोड़ा, डायरेक्टर–पी0आर0, श्री सुरिन्द्र सूद तथा संस्थान के डायरेक्टर–पी0जी0 कोर्सेज, डॉ0 श्रीनाथ ठाकुर, प्रधानाचार्य, डॉ0 देवी चरण शेट्टी सहित सभी दंत विभागों के एच0ओ0डी0 भी उपस्थित रहे।